
# लेडीज़-स्लपिर ऑर्कडि

[स्रोत: इंडपिंडेंट]

**लेडीज़ स्लपिर ऑर्कडि** को एक बार ब्रटिेन में लगभग एक सदी तक वलिुप्त माना गया था, क्योंक अित्यधकि संग्रह के कारण यह वलिुप्त हो गया था, लेकनि **वर्ष 1930** में एक ही पौधा मलिने पर इसे पुनः खोजा गया। **अब इसे इंग्लैंड में फरि से प्राकृतकि रूप से उगते हुए देखा गया है।**




## लेडीज़ स्लपिर ऑर्कडि

- **वर्गीकरण (Taxonomy):** यह ऑर्कडि परवािर (***Orchidaceae***) की उप-परवािर **साइप्रपिडिओइडी (*Cypripedioideae*)** से संबंधति है

और अपने विशिष्ट 'स्लीपर' (Slipper) के आकार वाले **लैबेलम (*labellum*)** के लिये जाना जाता है, जो कीटों को फँसाकर परागण में सहायता करता है।

- **प्रजातियाँ एवं वितरण:**
  - 5 वैश्विक प्रजातियों (साइप्रिपिडियम, मेक्सीपीडियम, पैफियोपेडिलम, फ्राग्मिपीडियम, सेलेनिपीडियम) में से, **साइप्रिपिडियम और पैफियोपेडिलम** भारत में मुख्य रूप से हिमालयी राज्यों (जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश) तथा **पूर्वोत्तर पहाड़ियों** में पाए जाते हैं।
  - इनकी प्रजातियाँ **यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका** के [बोरियल](), **समशीतोष्ण और उष्ण कटिबंधीय** क्षेत्रों में पाई जाती हैं।
- **आवास और पारिस्थितिकी:** ये वनस्पति **यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका** के **नम, छायादार, बोरियल (उत्तरी), शीत समशीतोष्ण वनों तथा अल्पाइन क्षेत्रों** में पाई जाती है। इसे **जैविक पदार्थ (ह्यूमस)** से समृद्ध, अच्छी जल निकासी वाली मृदा की आवश्यकता होती है।
  - अलास्का में ***??.???????*** और ***??.?????????*** जैसी कुछ प्रजातियाँ हिम के नीचे अंकुरित होती हैं।
- **खतरे और संरक्षण:** इनकी संख्या **अत्यधिक संग्रह, औषधीय उपयोग, आवास क्षति और असफल प्रतिरोपण** के कारण घट गई है। इनकी **विशेष मृदा तथा फफूँद संबंधी आवश्यकताओं** के कारण इनकी कृषि करना कठिन होता है।
  - भारत में संरक्षण का नेतृत्व **[भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (BSI)]()** और अन्य संस्थानों द्वारा **इन-सीटू तथा एक्स-सीटू संरक्षण, [ऊतक संवर्द्धन प्रसार]()** एवं **आवास पुनर्स्थापन** के माध्यम से किया जाता है।
- **संरक्षण की स्थिति**
  - **[CITES](): परिशिष्ट I और II**
  - **[IUCN रेड लिस्ट](): गंभीर रूप से संकटग्रस्त/लुप्तप्राय**
  - **[वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972](): अनुसूची III**

**और पढ़ें:** **[दुर्लभ आर्किड प्रजातियाँ]()**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ladys-slipper-orchid